<u>समाचार</u>

महापौर साकेत में करेंगे ध्वजारोहण

कोरबा 13 अगस्त 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को निगम कार्यालय साकेत भवन परिसर में प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण करेंगे, ध्वजारोहण का यह कार्यक्रम कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमण के तहत निर्धारित प्रोटोकाल के तहत किया जाएगा।

<u>महापौर, सभापति ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं</u>– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं तथा अपील करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के इस महान पर्व को पूरी गरिमा व देशभक्ति की भावना के साथ तथा कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए मनाएं।